**SET-1**

**DAV PUBLIC SCHOOL, ODISHA**
**PRE-BOARD EXAMINATION**
**2023-24**

- Please check that this question paper contains 13 printed pages.
- Set number given on the right-hand side of the question paper should be written on the title page of the answer book by the candidates.
- Check that this question paper contains 18 questions.
- Write down the Serial Number of the question in the left side of the margin before attempting it.
- 15 minutes time has been allotted to read this question paper. The question paper will be distributed 15 minutes prior to the commencement of the examination.
- The students will read the question paper only and will not write any answer on the answer script during this period. Students should not write anything in the question paper.

**कक्षा : दसवीं**

**विषय : हिंदी 'ब' (कोड-085)**

**निर्धारित समय : 3 घंटे** **पूर्णांक : 80**

सामान्य निर्देश -

1. इस प्रश्नपत्र में दो खंड हैं - खंड 'अ' और 'ब' |
2. खंड 'अ' में वस्तुपरक प्रश्न हैं |
3. खंड 'ब' में वर्णनात्मक प्रश्न हैं |
4. प्रश्नपत्र के दोनों खंडों में प्रश्नों की कुल संख्या 18 है और सभी प्रश्न अनिवार्य हैं |
5. खंड 'अ' में कुल 10 प्रश्न और 45 उप प्रश्न हैं | निर्देशानुसार 40 उप-प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है |
6. खंड 'ब' में कुल 8 प्रश्न हैं | निर्देशानुसार विकल्पों का ध्यान रखते हुए सभी प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है |
7. प्रश्नों के उत्तर लिखते समय क्रम-संख्या अवश्य लिखें | सभी प्रश्नों के उत्तर क्रमानुसार लिखें |

| खंड 'अ' | वस्तुपरक प्रश्न | 40 अंक |
|---|---|---|

**(1) निम्नलिखित अपठित गद्यांश को पढ़कर उस पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए | (1X5=5)**

अच्छा नागरिक बनने के लिए भारत के प्राचीन विचारकों ने कुछ नियमों का प्रावधान किया है | इन नियमों में वाणी और व्यवहार की शुद्धि, कर्तव्य और अधिकार का समुचित निर्वाह, शुद्धतम पारस्परिक सद्भाव और सेवा की भावना आदि नियम बहुत महत्वपूर्ण माने गए हैं | ये सभी नियम यदि एक व्यक्ति के चारित्रिक गुणों के रूप में भी अनिवार्य माने जाएँ तो उसका अपना जीवन सुखी और आनंदमय हो सकता है | सभी गुणों का विकास एक बालक में यदि उसकी बाल्यावस्था से ही किया जाए तो वह अपने देश का श्रेष्ठ नागरिक बन सकता है | इन गुणों के कारण वह अपने परिवार, आस-पड़ोस, विद्यालय में अपने सहपाठियों एवं अध्यापकों के प्रति यथोचित व्यवहार कर सकेगा |

व्यवहार एवं वाणी की मधुरता सभी के लिए सुखदायक होती है, समाज में हार्दिक सद्भाव की वृद्धि करती है किंतु अहंकारहीन व्यक्ति ही स्निग्ध वाणी और शिष्ट व्यवहार का प्रयोग कर सकता है | अहंकारी और दंभी व्यक्ति सदा अशिष्ट वाणी और व्यवहार का अभ्यासी होता है | जिसका परिणाम यह होता है कि ऐसे आदमी के व्यवहार से समाज में शांति और सौहार्द का वातावरण नहीं बनता | जिस प्रकार एक व्यक्ति समाज में रहकर अपने व्यवहार से कर्तव्य और अधिकार के प्रति सजग रहता है, उसी तरह देश के प्रति भी उसका व्यवहार कर्तव्य और अधिकार की भावना से ओतप्रोत रहना चाहिए | उसका कर्तव्य हो जाता है कि न तो वह स्वयं कोई ऐसा काम करे और न ही दूसरों को करने दे, जिसमें देश के सम्मान, संपत्ति और स्वाभिमान को ठेस लगे | समाज एवं देश में शांति बनाए रखने के लिए धार्मिक सहिष्णुता भी बहुत आवश्यक है | यह वृत्ति अभी आ सकती है जब व्यक्ति संतुलित व्यक्तितत्व का हो | वह आंतरिक व बाहरी संघर्ष से परे सामाजिकता की अनुभूति से परिपूर्ण व्यक्तितत्व होना चाहिए |

1. गद्यांश के संदर्भ में अच्छा नागरिक बनने के लिए नियमों का प्रावधान आवश्यक है, क्योंकि यह

(a) स्वतंत्रता को बढ़ावा देता है जिससे वातावरण को शांति से परिपूर्ण करता है
(b) व्यक्तितत्व को निखारकर जीवन को आमोद-प्रमोद से परिपूर्ण करता है
(c) व्यक्तितत्व को निखारकर जीवन को सुख और मंगलकामना से परिपूर्ण करता है
(d) व्यक्ति को अहंकार, स्निग्ध वाणी और शिष्ट व्यवहार से परिपूर्ण करता है

2. वाणी एवं व्यवहार की मधुरता सभी के लिए सुखदायक होती है। इस कथन के लिए उपयुक्त तर्क है -

(a) देश के सम्मान, संपत्ति और स्वाभिमान को ठेस पहुँचती है
(b) देश व समाज में शांति और सौहार्द का वातावरण नहीं बनता
(c) कर्तव्य और अधिकार का समुचित निर्वाह बहुत आवश्यक है
(d) समाज में हार्दिक सद्भाव की वृद्धि और सुख की प्रतिष्ठा होती है

3. अहंकारी और दंभी व्यक्ति सदा अभ्यासी होता है

(a) अशिष्ट वाणी और व्यवहार का

(b) मधुर एवं अशिष्ट व्यवहार
(c) अशिष्ट वाणी एवं व्यवहार की शुद्धि का.
(d) स्निग्ध वाणी और अशिष्ट व्यवहार

4. संतुलित व्यक्तित्व से तात्पर्य है -
(a) आंतरिक व बाहरी संघर्ष से संपूर्ण सामाजिकता की अनुभूति से परिपूर्ण व्यक्तित्व
(b) देश में पूर्णत: आदर्श नागरिक का व्यवहार करने वाला सुखदायक व्यक्तित्व
(c) आंतरिक व बाहरी संघर्ष से रहित संपूर्ण सामाजिकता की अनुभूति से परिपूर्ण व्यक्तित्व
(d) कर्तव्य और अधिकार के प्रति सजग रहने वाला भावुक प्रवृत्ति से परिपूर्ण व्यक्तित्व

5. धार्मिक सहिष्णुता की स्थापना आवश्यक है क्योंकि इससे -
(a) अधिकार और कर्तव्य पर विजय प्राप्त हो जाएगी
(b) देश की संपत्ति को नुकसान नहीं पहुँचेगा
(c) भारतीय संविधान की प्रतिष्ठा बनी रहेगी
(d) समाज एवं देश में शांति व्यवस्था बनी रहेगी

**(2) निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों का उत्तर दीजिए | (1X5=5)**

लोगों को यह कहते सुना जाता है कि एक और एक दो होते है, परंतु एक कहावत है - 'एक और एक ग्यारह' | इस कथन का अभिप्राय है कि 'एकता में शक्ति' होती है | जब दो व्यक्ति एक साथ मिलकर प्रयास करते हैं, तो उनकी शक्ति कई गुना हो जाती है | मनुष्य एक सामाजिक प्राणी है | मनुष्य समाज से अलग होकर जीवित नहीं रह सकता | अगर किसी व्यक्ति को दो दिन के लिए अकेला किसी सुनसान जगह पर छोड़ दिया जाए और वहाँ रहने के लिए कहा जाए, तो वह नहीं रह पाएगा | व्यक्ति का समाज के बिना कोई महत्व नहीं है | समाज अलग-अलग इकाइयों का समूहबद्ध रूप है, जिसमें हर इकाई समाज को शक्तिशाली बनाती है |

व्यष्टि रूप में, एक व्यक्ति का कोई महत्व नहीं, परंतु समष्टि रूप में, वह समाज की एक इकाई है | बाढ़ से बचने के लिए जब एक अंधे और लंगड़े में सहयोग हुआ तो अंधे को लंगड़े की आँखें तथा लंगड़े को अंधे की टाँगे मिल गई और दोनों बच गए अर्थात एकता में बड़ी शक्ति है | जो समाज एकता के सूत्र में बँधा नहीं रहता है, उसका पतन अवश्य होता है | भारत की परतंत्रता इसी फूट का परिणाम थी | अगर उस समय राजे-महाराजे एक-दूसरे के साथ युद्ध नहीं करते रहते तो हमारे देश को कभी अंग्रेजों का गुलाम नहीं होना पड़ता | जब अंग्रेज़ों को पता चला तो उन्होंने राजाओं को ही मोहरा बनाकर देश के अधिकांश हिस्सों पर धीरे-धीरे अपना अधिकार कर लिया | अंग्रेजों ने भारत में अपना अधिकार जमाने के लिए 'फूट डालो और राज करो' की नीति अपनाई थी | जब भारतवासियों ने एक साथ मिलकर आजादी के लिए संघर्ष किया, तो अंग्रेजों को यहाँ से भागना पड़ा | गणित में शून्य के प्रभाव से अंक दस गुने हो जाते हैं | अत: समाज का हर व्यक्ति सामूहिक रूप से समाज की रीढ़ होता है |

1. 'एक और एक ग्यारह' से तात्पर्य है -
(a) संगठन में शक्ति होती है

(b) विघटन में शक्ति होती है
(c) लोगों में शक्ति होती है
(d) जनसमूह में शक्ति होती है

2. मनुष्य जीवित नहीं रह सकता -
(a) समाज में रहकर
(b) समाज से अलग होकर
(c) जंगल में रहकर
(d) मंदिर से अलग होकर

3. गद्यांश हमें प्रेरणा देता है -
(a) हमें एक-दूसरे से अलग रहने की
(b) हमें एक-दूसरे से ईर्ष्या करने की
(c) हमें एक-दूसरे से मिल-जुलकर साथ रहने की
(d) हमें एक-दूसरे को दान देने की

4. गद्यांश के आधार पर मनुष्य को प्राणी बताया गया है -
(a) धार्मिक
(b) स्वार्थी
(c) सामाजिक
(d) राजनैतिक

5. निम्नलिखित कथन (A) तथा कारण (R) को ध्यानपूर्वक पढ़िए | उसके बाद दिए गए विकल्पों में से कोई एक सही विकल्प चुनकर लिखिए |
कथन (A) अंग्रेजों ने भारत में राज्य करने के लिए फूट डालो और शासन करो की नीति अपनाई थी |
कारण (R) अंग्रेज़ भारतीयों में फूट डालकर राज्य करते थे |
(a) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों गलत है |
(b) कथन (A) गलत है, लेकिन कारण (R) सही है |
(c) कथन (A) सही है. किंतु कारण (R) उसकी गलत व्याख्या करता है |
(d) कथन (A) और कारण (R) दोनों सही है तथा कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या करता है |

**(3) निर्देशानुसार 'पदबंध' पर आधारित पाँच बहुविकल्पीय प्रश्नों में से किन्ही चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए- (1×4=4)**

1. खिड़की के बाहर अब दोनों कबूतर खामोश और उदास बैठे रहते हैं । रेखांकित पदबंध का भेद है -
(a) संज्ञा पदबंध
(b) सर्वनाम पदबंध
(c) क्रिया विशेषण पदबंध
(d) क्रिया पदबंध

2. 'अंदमान द्वीप समूह का अंतिम दक्षिणी द्वीप है लिटिल अंदमान |' इस वाक्य में विशेषण पदबंध है -

(a) द्वीप समूह

(b) अंतिम दक्षिणी

(c) अंतिम दक्षिणी द्वीप

(d) द्वीप है

3. सदैव <u>सबका साथ देने वाले तुम</u> आज स्वयं अकेले पड़ गए हो । रेखांकित पदबंध का भेद है -

(a) क्रिया पदबंध

(b) संज्ञा पदबंध

(c) सर्वनाम पदबंध

(d) क्रिया-विशेषण पदबंध

4. 'खेलकूद का कोई अवसर हाथ से न जाने देता |'इस वाक्य में संज्ञा पदबंध है -

(a) खेलकूद का कोई अवसर

(b) हाथ से

(c) न जाने देता

(d) खेलकूद का कोई

5. 'लकीर की सीध में धरती <u>फटती ही जा रही थी</u> |' रेखांकित पदबंध का भेद है -

(a) संज्ञा पदबंध

(b) सर्वनाम पदबंध

(c) क्रिया विशेषण पदबंध

(d) क्रिया पदबंध

**(4) 'रचना के आधार पर वाक्य भेद' पर आधारित निम्नलिखित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए | (1X4=4)**

1. 'जैसे ही सुनील घूमकर आया, वैसे ही नहाने चला गया |' वाक्य का सयुंक्त वाक्य में रूपांतरण है |

(a) जब सुनील घूमकर आया, तब वह नहाने चला गया |

(b) सुनील घूमकर आया और वह नहाने चला गया |

(c) सुनील के घूमकर आते ही वह नहाने चला गया |

(d) सुनील नहाने चला गया, वह घूमकर आया था |

2. जापान में चाय पीने की एक ऐसी विधि है, जिसे 'चा-नो-यू' कहते हैं | वाक्य रचना की दृष्टि से है -

(a) सरल वाक्य (b) मिश्र वाक्य

(c) सयुंक्त वाक्य (d) मुख्य वाक्य

3. निम्नलिखित में सरल वाक्य है -
(a) मोहन ने पैसे कमाए और मकान खरीदा |
(b) हमने बहुत समझाया पर वह न माना |
(c) जिसका मुझे भय था, वही हुआ |
(d) भारतीय वीर सैनिक सीमाओं की रक्षा करते हैं |

4. रमा व्यस्त थी अत: मेरे घर नहीं आई | रचना के आधार पर वाक्य भेद होगा |
(a) सयुंक्त वाक्य
(b) मिश्र वाक्य
(c) सरल वाक्य
(d) संदेह वाचक वाक्य

5. माँ ने समझाया इसलिए बेटा मान गया | इसका सरल वाक्य क्या होगा ?
(a) माँ ने समझाया परंतु बेटा मान गया |
(b) माँ के समझाने पर बेटा मान गया |
(c) जैसे ही माँ ने समझाया वैसे ही बेटा मान गया |
(d) जिस बेटे को माँ ने समझाया वह मान गया |

**(5) निर्देशानुसार 'समास' पर आधारित पाँच बहुविकल्पीय प्रश्नों में से <u>किन्ही चार</u> प्रश्नों के उत्तर दीजिए- (1×4=4)**

1. 'लंबोदर' शब्द में कौन-सा समास है -
(a) बहुव्रीहि समास
(b) अव्ययीभाव समास
(c) कर्मधारय समास
(d) द्वंद्व समास

2. 'जलधारा' शब्द के सही समास-विग्रह और समास का चयन कीजिए -
(a) जल में धारा-तत्पुरुष समास
(b) जल की धारा-तत्पुरुष समास
(c) धारा है जो जल में-कर्मधारय समास
(d) जल और धारा -द्वंद्व समास

3. निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिए-

| समस्त-पद | समास |
|---|---|
| (क) गुणहीन | (i) कर्मधारय समास |
| (ख) वीणापाणि | (ii) बहुव्रीहि समास |
| (ग) यथासमय | (iii) अव्ययीभाव समास |
| (घ) सतमंजिला | (iv) द्वंद्व समास |

उपर्युक्त युग्मों में से कौन-से सही सुमेलित हैं-

(a) (i) और (ii)

(b) (ii) और (iii)

(c) (i) और (iv)

(d) (iii) और (iv)

4. 'शास्त्रज्ञ' शब्द के लिए सही समास-विग्रह और समास का चयन कीजिए -

(a) शास्त्र के लिए यज्ञ - तत्पुरुष समास

(b) शास्त्र का ज्ञाता है जो - बहुव्रीहि समास

(c) शास्त्र और यज्ञ - द्वंद्व समास

(d) शास्त्र में यज्ञ - तत्पुरुष समास

5. 'विद्याधन' समस्त पद का समास-विग्रह है -

(a) विद्या के लिए धन (b) धन के लिए विद्या

(c) विद्या रूपी धन (d) धनरुपी विद्या

**(6) मुहावरों पर आधारित निम्नलिखित छः प्रश्नों में से <u>किन्हीं चार प्रश्नों</u> के उत्तर दीजिए | (1x4=4)**

1. बड़े भाई ने छोटे भाई को ऐसी चुभती बात कही कि वह ____________ |

रिक्त स्थान की पूर्ति सही मुहावरे से कीजिए -

(a) गला काट लेना

(b) शर्मिंदा होना

(c) खून बहाना

(d) अपना-सा मुँह लेकर रह जाना

2. 'सदा याद रखना' - अर्थ को प्रकट करने वाला मुहावरा निम्नांकित में से कौन-सा है?

(a) अंधे के हाथ बटेर लगना

(b) गिरह बाँधना

(c) नक्शा बनाना

(d) घुड़कियाँ खाना

3. 'जले पर नमक छिड़कना' मुहावरे का अर्थ है -

(a) कष्ट में और अधिक कष्ट देना

(b) जले स्थान को धोना

(c) जले स्थान पर दवा लगाना

(d) विपत्ति में पड़ना

4. भाई साहब हर काम की इतनी आलोचना करते हैं कि हर समय ______________ (रिक्त स्थान की पूर्ति सही मुहावरे से कीजिए) -

(a) दिमाग होना

(b) सिर पर नंगी तलवार लटकना
(c) पाँव ज़मीन पर न पड़ना
(d) आँखें फोड़ना

5. तताँरा वामीरो का —— | सही मुहावरे से वाक्य पूरा कीजिए |
(a) रास्ता देखने लगा
(b) बाट जोहने लगा
(c) बाट निहारने लगा
(d) इंतज़ार करने लगा

6. नीचे दिए मुहावरे का सही मिलान कीजिए |

| | |
|---|---|
| (क) ईंट से ईंट बजाना | (i) लाभ की आशा न रखना |
| (ख) ईद का चाँद होना | (ii) दर्शन दुर्लभ होना |
| (ग) आँखें चुरा लेना | (iii) अनदेखा करना |
| (घ) आड़े हाथों लेना | (iv) खरी खोटी सुनाना |

(a) (क) -iii , (ख) -ii , (ग) – i
(b) (ख) -ii , (ग) – iii , (घ) -iv
(c) (क) -iv , (ख) -ii ,c- iii
(d) (ख) – iii , (ग)– i , (घ) –ii

**(7) निम्नलिखित पठित पद्यांश को पढ़कर उस पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए | (1×5 =5)**

उड़ गया, अचानक लो, भूधर
फड़का अपार पारद के पर!
रव-शेष रह गए हैं निर्झर!
है टूट पड़ा भू पर अंबर!
धँस गए धरा में सभय शाल!
उठ रहा धुआँ, जल गया ताल!
ज्यों जलद-यान में विचर-विचर
था इंद्र खेलता इंद्रजाल

1. निम्न वाक्यों को ध्यानपूर्वक पढ़िए -
(क) पूरा पर्वत आकाश में उड़ रहा है
(ख) वर्षा ऋतु का वर्णन है
(ग) पर्वत पर अदभुत दृश्य दिखाई दे रहे हैं
पद्यांश से मेल खाते वाक्यों के लिए उचित विकल्प है -
(a) केवल ‘क’
(b) ‘क’ और ‘ख’
(c) ‘ख’ और ‘ग’
(d) ‘क’, ‘ख’ और ‘ग’

2. पर्वत,झरने,शाल के वृक्ष आदि के दिखाई न देने का क्या कारण है?
(a) मूसलाधार वर्षा का होना
(b) घना अंधकार छा जाना
(c) चारों ओर धुआँ ही धुआँ होना
(d) ये सभी

3. कवि ने तालाब के जल से उठने वाले धुएँ को किसके समान बताया है?
(a) सफ़ेद हँस के
(b) अग्नि के
(c) (i) और (ii) दोनों
(d) गहन अँधकार के

4. 'रव-शेष रह गए हैं निर्झर' पंक्ति का आशय है -
(a) बादल छा जाने के कारण कुछ नहीं दिखाई देता, केवल झरनों की आवाज़ सुनाई देती है
(b) प्रकृति की सुंदरता का चित्रण झरनों के दृश्य के माध्यम से किया गया है
(c) झरने बहुत सुंदर दिखाई दे रहे हैं
(d) अंधकार में झरनों का दृश्य मनोरम दिखाई देता है

5. प्रस्तुत पद्यांश में किस ऋतु की सुंदरता का वर्णन किया गया है ?
(a) वर्षा ऋतु
(b) ग्रीष्म ऋतु
(c) शरद ऋतु
(d) वसंत ऋतु

**(8) पठित पद्य पाठों पर आधारित निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए | (2x1=2)**
(1) 'आत्मत्राण' कविता में कवि किस पर संदेह नहीं करना चाहता?
(a) ईश्वर की सत्ता पर
(b) ईश्वर के प्रति अपनी आस्था पर
(c) 'a' और 'b' दोनों सही हैं
(d) समाज के लोगों पर

(2) ईश्वर कण-कण में व्याप्त है, किन्तु हम उसे देख नहीं पाते क्यों?
(a) आँखें बंद होने के कारण
(b) मन की चंचलता के कारण
(c) आँखों से स्पष्ट न दिखाई देने के कारण
(d) मन में छिपे अहंकार के कारण

**(9) निम्नलिखित पठित गद्यांश को पढ़कर उस पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए | (5x1=5)**

मेरी माँ कहती थी,सूरज ढले आँगन के पेड़ों से पत्ते मत तोड़ो, पेड़ रोएँगे | दीया-बाती के वक्त फूलों को मत तोड़ो, फूल बद्दुआ देते हैं | दरिया पर जाओ तो उसे सलाम करो, वह खुश होता है | कबूतरों को मत सताया करो, वे हजरत मुहम्मद को अज़ीज़ हैं | उन्होंने उन्हें अपनी मज़ार के नीले गुंबद पर घोंसले बनाने की इजाज़त दे रखी है | मुर्ग़े को परेशान नहीं किया करो, वह मुल्ला जी से पहले मोहल्ले में अजान देकर सबको सवेरे जगाता है |

सब की पूजा एक-सी, अलग-अलग है रीत |
मस्जिद जाए मौलवी, कोयल गाए गीत ||

1. लेखक की माँ ने दरिया पर जाकर क्या करने को कहा ?

(a) स्नान करने को कहा

(b) सलाम करने को कहा

(c) खुश होने को कहा

(d) सिर्फ़ 'क' और 'ग' सही

2. लेखक की माँ के अनुसार फूल बद्दुआ कब देते हैं ?

(a) पेड़ जब ऑक्सीजन छोड़ते हैं

(b) फूल जब अपना भोजन बनाते हैं

(c) दीया-बाती के वक्त फूल तोड़ने पर

(d) सुबह खिलने पर

3. लेखक की माँ के अनुसार पेड़ रोते कब हैं ?

(a) जब सूरज ढल जाता है

(b) जब पक्षी उदास होते हैं

(c) सूर्यास्त के समय पत्ते तोड़ने पर

(d) पेड़ को पानी नहीं मिलता है

4. हजरत मुहम्मद को कौन अज़ीज़ हैं?

(a) गिलहरी

(b) कबूतर

(c) मोर

(d) मुर्ग़ा

5. कथन (A) - कबूतर को सताना चाहिए |

कारण (R) - क्योंकि प्राणिमात्र का दुख-दर्द कम करने की आवश्यकता नहीं है |

(a) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों ग़लत है

(b) कथन (A) ग़लत है परन्तु कारण (R) उसकी सही व्याख्या है

(c) कथन (A) सही है परन्तु कारण (R) उसकी ग़लत व्याख्या है
(d) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों सही है परन्तु एक -दूसरे के पूरक नहीं हैं

**(10) पठित गद्य पाठों पर आधारित प्रश्नों के उचित विकल्प का चयन कीजिए- (2x1=2)**

1. 'तीसरी कसम' फिल्म की सबसे महत्वपूर्ण और बड़ी खूबी थी -
(a) इसमें दिखाया दुःख स्वाभाविक था, नाटकीय नहीं
(b) इसमें सुख की परिभाषा अत्यंत सरल थी
(c) इसका संगीत अत्यंत मधुर था
(d) इसमें करुणा के साथ जूझने का संकेत था

2. निम्नलिखित में से कौन से तथ्य लिटिल अंडमान के विषय में सत्य है?
(i) यह अंडमान का अंतिम द्वीप समूह है
(ii) पहले यह निकोबार द्वीप समूह से मिला हुआ था
(iii) इसकी लंबाई सर्वाधिक है
(iv) यह वर्तमान में समाप्त हो चुका है

(a) केवल (i)
(b) (i), (ii) और (iii)
(c) (i) और (ii)
(d) (iii) और (iv)

| खंड 'ब' | वर्णनात्मक प्रश्न | 40 अंक |
|---|---|---|

**(11) निम्नलिखित में से <u>किन्हीं दो प्रश्नों</u> के उत्तर लगभग 60 शब्दों में दीजिए | (3x2=6)**

1. तताँरा वामीरो कथा के अनुसार गाँव वाले तताँरा से काफ़ी प्रभावित थे लेकिन उनके प्रेम के मामले में वामीरो का साथ क्यों नहीं दिया?

2. सुलेमान, शेख अयाज़ के पिता और नूह के स्वभाव की उन विशेषताओं का उल्लेख कीजिए जो उन्हें आज के मनुष्यों से अलग करती है |

3. फ़िल्म से कोई आर्थिक लाभ न मिलने की बात जानने पर भी कवि शैलेंद्र ने फ़िल्म के लिए सब कुछ दाँव पर लगा दिया | इससे हमें कवि शैलेंद्र के व्यक्तित्व के बारे में क्या पता चलता है? तर्कपूर्ण उत्तर लिखिए |

**(12) निम्नलिखित में से <u>किन्हीं दो प्रश्नों</u> के उत्तर लगभग 60 शब्दों में दीजिए | (3x2=6)**

1. 'तोप' कविता के आधार पर तोप और गौरैया की प्रतीकात्मकता स्पष्ट करते हुए बताइए कि इस कविता के माध्यम से कवि क्या संदेश देना चाहते हैं?

2. कवि ईश्वर पर संशय नहीं करना चाहता | इससे कवि किस उद्देश्य को प्राप्त करना चाहता है?

3. 'पर्वत प्रदेश में पावस' कविता के आधार पर सिद्ध कीजिए कि सुमित्रानंदन पंत कल्पना के सुकुमार कवि हैं |

**(13) निम्नलिखित में से <u>किन्हीं दो प्रश्नों</u> के उत्तर लगभग 60 शब्दों में दीजिए | (3x2=6)**

1. 'नौवीं कक्षा में दो बार अनुतीर्ण होने पर टोपी अपने परिवार एवं सहपाठियों के साथ-साथ शिक्षकों के लिए भी उपहास का पात्र बन गया था |' नौवीं कक्षा में दो बार अनुतीर्ण हो जाने वाले टोपी की भावनात्मक परेशानियों को देखते हुए शिक्षा व्यवस्था में किए जाने वाले आवश्यक बदलावों हेतु अपने शब्दों में कुछ सुझाव लिखिए |

2. हरिहर काका अनपढ़ थे, लेकिन अपने अनुभव और विवेक से दुनिया को बेहतर समझते थे | स्पष्ट कीजिए |

3. पढ़ाई में तेज होने पर भी कक्षा में दो बार फेल हो जाने पर टोपी के साथ घर पर या विद्यालय में जो व्यवहार हुआ, उस पर मानवीय मूल्यों की दृष्टि से टिप्पणी कीजिए |

**(14) निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर संकेत बिंदुओं के आधार पर लगभग 100 शब्दों में <u>एक अनुच्छेद</u> लिखिए | (5x1=5)**

**1. आज़ादी का अमृत महोत्सव**

- अमृत महोत्सव का उद्घाटन
- कारण
- युवा पीढ़ी-आज़ादी का इतिहास
- निष्कर्ष

**2. टी.वी. रियलिटी शो का समाज पर प्रभाव**

- अर्थ
- रियलिटी शो का आकर्षण
- इसका प्रभाव

**3. सोशल मीडिया की माया**

- खोखला बचपन
- अकेलेपन का अवसाद
- मजबूर जीवन

**(15) निम्नलिखित में से किसी <u>एक प्रश्न</u> का उत्तर लगभग 100 शब्दों में दीजिए | (5x1=5)**

1. प्लास्टिक की चीजों से हो रही हानि के बारे में किसी समाचार पत्र के संपादक को सुझाव देते हुए 100 शब्दों में एक पत्र लिखिए |

2. आपके बैंक अकाउंट में गलती से 10000 रूपये आ गए हैं | इसकी सूचना आप अपने बैंक मैनेजर को दीजिए |

**(16) निम्नलिखित में से किसी <u>एक विषय</u> पर लगभग 60 शब्दों में सूचना लिखिए | (4x1=4)**

1. आपके मोहल्ले में योग शिविर का आयोजन होने वाला है | मोहल्ले के सचिव होने के नाते लगभग 80 शब्दों में एक सूचना तैयार कीजिए।

2. यातायात पुलिस अधिकारी की ओर से किसी विशेष राष्ट्रीय कार्यक्रम के कारण यातायात संबंधी परिवर्तन की सूचना तैयार कीजिए |

**(17) निम्नलिखित में से किसी <u>एक विषय</u> पर लगभग 40 शब्दों में विज्ञापन तैयार कीजिए | (3x1=3)**

1. जल का दुरूपयोग रोकने का आग्रह करते हुए एक विज्ञापन तैयार कीजिए |

2. अपने पौधों की नर्सरी के लिए एक विज्ञापन बनाइए |

**(18) निम्नलिखित में से किसी <u>एक प्रश्न</u> का उत्तर लगभग 100 शब्दों में दीजिए | (5x1=5)**

1. 'वही मनुष्य है जो मनुष्य के लिए मरे' - पंक्ति को आधार बनाकर लगभग 100 शब्दों में एक लघु कथा लिखिए |

2. आप एक प्रकाशक हैं और आप अध्यापकों के लिए एक सेमिनार का आयोजन करने वाले हैं | इसके लिए आप लखनऊ स्थित सीबीएसइ स्कूल के प्रधानाचार्यों को लगभग 100 शब्दों में ई-मेल लिखिए |